**विधान परिषद के तृतीय सत्र-2022 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तरालेख**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 3(क) | क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में खादी वस्त्रों का निर्माण होता है? | जी, हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो क्या उनकी लागत कीमत, अधिक आने के कारण बिक्री पर सरकार द्वारा आर्थिक मदद देकर छूट दी जाती है ? | प्रदेश में खादी के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व संचालित बिक्री पर छूट आधारित योजना के स्थान पर उत्पादन पर प्रोत्साहन आधारित पं0 दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता 01 अक्टूबर, 2017 से लागू की गयी है। योजनान्तर्गत खादी संस्थाओं को उत्पादन लागत पर 15 प्रतिशत सहायता (15 प्रतिशत में से संस्था को 33 प्रतिशत विपणन संवर्धन हेतु , 33 प्रतिशत अवस्थापना सुदृढ़ीकरण हेतु तथा 34 प्रतिशत कत्तिन/बुनकरों को प्रोत्साहन के रूप में) दी जाती है। |
| (ग) | यदि हाँ, तो दिनांक 1 मई, 2022 से 15 अक्टूबर, 2022 तक कितनी आर्थिक मदद दी गई, उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | पं0 दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता के अन्तर्गत 1 मई, 2022 से 15 अक्टूबर, 2022 तक 133 खादी संस्थाओं से जुड़े 21846 कामगारों को धनराशि रू0 170.67 लाख प्रोत्साहन के रूप में एवं धनराशि रू0 331.30 लाख खादी संस्थाओं को उत्पादन आधारित सहायता स्वरूप दिया गया है। |
| (घ) | क्या खादी वस्त्र निर्माण में लगे कर्मकारों को भी आर्थिक मदद का लाभ देने पर विचार करेंगे ? | जी हाँ। कर्मकारों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीधे डी0बी0टी0 के माध्यम से किया जा रहा है। |

| | | |
|---|---|---|
| (ङ) | यदि हाँ, तो कब तक ? | पं0 दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता के अन्तर्गत (15 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से) 34 प्रतिशत अंश खादी उत्पादन में कार्यरत कामगारों को प्रोत्साहन के रूप में प्रत्येक त्रैमासिक उत्पादन के आधार पर नियमित भुगतान किया जा रहा है। |
| (च) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

राकेश सचान
मंत्री,
खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग।